DP SEEDS

बेहतर बीज • बेहतर खेती

डीपी एग्रोजेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड

डीपी 001

संकर मक्का

बसंतकालीन मक्का की उन्नत खेती • उत्तर प्रदेश हेतु मार्गदर्शिका

बुवाई का समय	बीज दर	दूरी • उत्तर प्रदेश
जनवरी का अंतिम सप्ताह - मार्च	**9** किलो प्रति एकड़	**45 × 25** सेमी

लक्षित पौध संख्या: **33,000-35,000** प्रति एकड़ | संदर्भ फसल अवधि: **110-125** दिन

1 खेत की तैयारी व बुवाई

अच्छी जल निकासी वाली दोमट भूमि चुनें। खेत भुरभुरा करें और पर्याप्त नमी रखें। बीज 3.5-5 सेमी गहरा बोएँ। बसंत में कूड़/नाली विधि उपयोगी है।

2 बीज व पौध स्थापना

पैक पर बीजोपचार की स्थिति और निर्देश देखें। उपचारित बीज को खाने या पशु आहार में न लें। एक स्थान पर एक स्वस्थ पौधा रखें; दूरी समान बनाएँ।

3 पोषण प्रबंधन • सामान्य बसंत मक्का संदर्भ

मिट्टी जाँच के अनुसार मात्रा समायोजित करें। नीचे की मात्राएँ प्रति एकड़ हैं।

फसल अवस्था	यूरिया	डीएपी	पोटाश (एमओपी)
बुवाई के समय	33 किलो	55 किलो	27 किलो
घुटने की ऊँचाई पर	33 किलो	-	-
नर मंजरी निकलने से पहले	33 किलो	-	-

4 सिंचाई प्रबंधन

सुनिश्चित सिंचाई उपलब्ध हो। अंकुरण, घुटने की ऊँचाई, पुष्पन और दाना भराव पर नमी बनाएँ। गर्मी व मिट्टी के अनुसार अंतराल रखें; जलभराव न होने दें। टपक सिंचाई उपयोगी है।

5 खरपतवार व फसल सुरक्षा

15 और 30 दिन पर निराई-गुड़ाई करें। सुंडी, पत्ती क्षति व तना सड़न की जाँच करें। दवा का चयन कृषि विशेषज्ञ से कराएँ; मक्का में स्वीकृत लेबल मात्रा अपनाएँ।

6 कटाई व भंडारण

भुट्टे परिपक्व होने पर तुड़ाई करें। दाने अच्छी तरह सुखाकर साफ, सूखे भंडार में रखें।

पोषण व सामान्य खेती प्रबंधन संदर्भ: भाकृअनुप-मक्का अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश के लिए मक्का उत्पादन तकनीकियाँ, तकनीकी पुस्तिका (2019/05)।

यह संदर्भ आधारित खेती मार्गदर्शिका है। डीपी 001 के पैक निर्देश और स्थानीय कृषि विशेषज्ञ की सलाह को प्राथमिकता दें। खाद व सिंचाई का प्रबंधन मिट्टी जाँच, मौसम और खेत की स्थिति के अनुसार करें।